बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–04/2021, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा, दिनांक–26.02.2022 (शनिवार) को 12:00 बजे मध्याह्न से 02:15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। उक्त प्रारंभिक परीक्षा में एक पत्र सामान्य ज्ञान का होगा, जिसमें निम्नांकित विषय होंगे:–

(क) सामान्य अध्ययन – प्रश्नों की संख्या–50 होगी।

(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित–प्रश्नों की संख्या–50 होगी।

(ग) मानसिक क्षमता जाँच (Comprehension/Logic/Reasoning / Mental Ability) - प्रश्नों की संख्या–50 होगी।

प्रारंभिक परीक्षा पुस्तक सहित ली जायेगी। प्रत्येक विषय के लिए एक ही पुस्तक (Text Book) ले जाने की छूट होगी। हस्तलिखित/छाया प्रति ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पुस्तक के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा भवन में ले जाना वर्जित होगा।

प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक निर्धारित है तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जायेगी।

23.2.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना